# पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड

(पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधीन पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी)

पंजी. कार्यालय : प्रथम तल, ''ऊर्जानिधि'', 1 बाराखम्बा लेन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, फैक्स : 011-23443990

## अन्तर्राज्यीय पारेषण परियोजना के लिए निर्माण, स्वामित्व प्रचालन और स्थानांतरण (BOOT) आधार पर पारेषण सेवा प्रदाता के चयन हेतु वैश्विक आमंत्रण (केवल ई–निविदा के माध्यम से)

**"अनंतपुरम (अनंतपुर) (2500 मेगावाट) और कुरनूल (1000 मेगावाट), आंध्र प्रदेश में सौर ऊर्जा क्षेत्र हेतु पारेषण प्रणाली"** आईटीपी हेतु एकल चरण आरएफपी निविदा प्रक्रिया, जो 06 मार्च, 2020 को आरएफपी जारी कर शुरु किया गया था, उसे निरस्त कर दिया गया है और निविदा प्रक्रिया फिर से शुरु किया जा रहा है।

**पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड,** पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, (भारत सरकार का उपक्रम) के अधीन पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और स्थानांतरण (BOOT) आधार पर उपरोक्त पारेषण परियोजना की स्थापना हेतु एकल चरण दो लिफाफा प्रणाली में "प्रस्ताव हेतु अनुरोध" (आरएफपी) आमंत्रित करता है।

इच्छुक निविदादाता आरएफपी अधिसूचना का संदर्भ ले सकते हैं और आरएफपी दस्तावेज वेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com** व **https://www.pfcclindia.com** पर उपलब्ध है।

निविदादाता "पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड" के पक्ष में दिल्ली में देय डिमाड ड्रॉफ्ट के रुप में अप्रतिदेय शुल्क रु. 5,00,000/– या यूएसडी 7,000 और लागू जीएसटी @18% के भुगतान पर **29.12.2022 से नीचे वर्णित परियोजना हेतु निविदा जमा करने से एक कार्य दिवस पहले** 10:30 बजे (भामास) से 16:00 बजे (भामास) के बीच नवीं मंजिल, विंग–ए, स्टेट्समैंन हाउस, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, दूरभाष : 91-11-23443996; फैक्स : 91-11-23443990; ई–मेल **pfccl.itp@pfcindia.com** से प्राप्त कर सकते हैं। आरएफपी दस्तावेज **https://www.mstcecommerce.com** और **https://www.pfcclindia.com** से भी डाउनलोड किया जा सकता है, यद्यपि इस स्थिति में इच्छुक पार्टी को अप्रतिदेय शुल्क रु. 5,00,000/– या यूएसडी 7,000 और अलग से लागू जीएसटी @18% आरएफपी के लिए जमा करना होगा। जिन निविदादाताओं ने निविदा जमा करने की तिथि से कम से कम एक कार्यदिवस पहले आवश्यक शुल्क का भुगतान कर आरएफपी दस्तावेज प्राप्त किया/खरीदा है, उन निविदादाताओं को सर्वे रिपोर्ट और आरएफपी दस्तावेज से संबंधित स्पष्टीकरण जारी किया जायेगा। निविदादाताओं को स्पष्टीकरण/संशोधन/समय विस्तार आदि, यदि कोई हो, के लिए नवीनतम सूचना के लिए नियमित रुप से वेबसाइट देखना चाहिये।

जिन निविदादाताओं ने उपरोक्त परियोजना के लिए दिनांक 6 मार्च, 2020 के आरएफपी के लिए अप्रतिदेय रु. 5,00,000/– या यूएसडी 7,000 और लागू जीएसटी @18% का भुगतान कर आरएफपी खरीदा या प्राप्त किया है, वे आरएफपी निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

निविदादाताओं हेतु स्पष्टीकरण मांगने की अंतिम तिथि **18.01.2023** है और आरएफपी की प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **03.03.2023** को **15:00 बजे (भामास)** या इससे पूर्व है। आरएफपी की प्रतिक्रिया उसी दिन **15:30 बजे (भामास)** खोली जायेगी।

**नोट :** पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड बिना कोई कारण बताये या बिना किसी दायित्व के प्रक्रिया को निरस्त या संशोधित करने का अधिकार रखता है। यह कोई प्रस्ताव नहीं है।

निविदा प्रक्रिया समन्वयक

पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड

(पीएफसी लि. के अधीन पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी)
(भारत सरकार का उपक्रम)

पहल

सत्यमेव जयते

विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार

पहल सहयोगी

केविप्रा cea

केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण